# इंडिया स्मार्ट सिटीज़ अवार्ड प्रतियोगिता 2022

## प्रिलिम्स के लिये:

[इंडिया स्मार्ट सिटीज़ अवार्ड प्रतियोगिता 2023], [स्मार्ट सिटीज़ मिशन], [इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर] (ICCC), **केंद्र प्रायोजित योजना, ईज़ ऑफ लिविंग इंडेक्स, म्युनिसिपल परफॉर्मेंस इंडेक्स**

## मेन्स के लिये:

इंडिया स्मार्ट सिटीज़ अवार्ड प्रतियोगिता, स्मार्ट सिटीज़ मिशन

**[स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स]**

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय** (MoHUA) ने **स्मार्ट सिटीज़ मिशन** (SCM) के तहत **इंडिया स्मार्ट सिटीज़ अवार्ड प्रतियोगिता** (ISAC) 2022 के परिणामों की घोषणा की है जिसमें विभिन्न श्रेणियों में 66 विजेताओं को सम्मानित किया गया है।

- शहरी विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हुए**इंदौर, मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ ISAC 2022 में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य** हैं।

## ISAC 2022 के प्रमुख बिंदु:

- **राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी पुरस्कार:**
  - **शहरी विकास रणनीतियों में असाधारण प्रगति** के लिये इंदौर को **प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी पुरस्कार** प्रदान किया गया, इसके बाद **सूरत और आगरा** का स्थान रहा।
    - स्वच्छता, जल आपूर्ति और शहरी पर्यावरण के प्रति इंदौर की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप इसे प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- **पुरस्कार पाने वाले राज्य:**
  - **राज्य की सीमाओं के भीतर स्मार्ट सिटी पहल को बढ़ावा देने** के व्यापक दृष्टिकोण के लिये मध्य प्रदेश को **राज्य स्तरीय पुरस्कार** प्राप्त हुआ।
  - मध्य प्रदेश के बाद **तमिलनाडु और राजस्थान का स्थान** है।
- **पुरस्कार पाने वाले केंद्रशासित प्रदेश:**
  - मॉडल स्मार्ट सिटी में बदलने के प्रयासों को चिह्नित करते हुए **केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़** को सम्मानित किया गया।
- **अन्य श्रेणियाँ:**
  - **पर्यावरण को बेहतर बनाने के प्रयासों के संदर्भ में कोयंबटूर ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।**
  - संस्कृति तथा [एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र] श्रेणी के लिये अहमदाबाद।
  - अर्थव्यवस्था के लिये जबलपुर।
  - शासन व्यवस्था और मोबिलिटी के लिये चंडीगढ़।
  - स्वच्छता, जल और शहरी पर्यावरण के लिये इंदौर।
  - सामाजिक पहलुओं के लिये वड़ोदरा।

- इनोवेटिव आइडिया श्रेणी के लिये हुबली धारवाड़ और कोविड इनोवेशन श्रेणी हेतु सूरत का चयन किया गया।

## सूचना साझाकरण और विश्लेषण केंद्र (ISAC):

- ISAC उन शहरों, परियोजनाओं और नवीन विचारों को मान्यता देता है एवं पुरस्कृत करता है जो **100 स्मार्ट शहरों में धारणीय विकास को बढ़ावा दे रहे हैं**, साथ ही **समावेशी, न्यायसंगत, सुरक्षित, स्वस्थ तथा सहयोगी शहरों को प्रोत्साहित कर** सभी के लिये गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित कर रहे हैं।
- ISAC के तीन संस्करण- वर्ष **2018, 2019 और 2020** में देखे गए हैं।
- ISAC का चौथा संस्करण अप्रैल 2022 में गुजरात के सूरत शहर में **'स्मार्ट सिटीज़-स्मार्ट शहरीकरण'** कार्यक्रम के दौरान लॉन्च किया गया था।
- **परियोजना पुरस्कार:** 10 विभिन्न विषय/थीम्स
- **नवाचार पुरस्कार:** 2 भिन्न विषय/थीम्स
- राष्ट्रीय/क्षेत्रीय शहर पुरस्कार
- राज्य पुरस्कार
- पुरस्कृत केंद्रशासित प्रदेश
- सहभागी पुरस्कार, 3 विभिन्न थीम्स
- ISAC 2022 पुरस्कार में **दो चरण की प्रस्तुति प्रक्रिया** शामिल थी- **'योग्यता चरण'**(Qualifying Stage) जिसमें शहर के प्रदर्शन का समग्र मूल्यांकन शामिल था और 'प्रस्ताव चरण' जिसमें स्मार्ट शहरों को छह पुरस्कार श्रेणियों के लिये अपने नामांकन जमा करने की आवश्यकता थी।

## स्मार्ट सिटी मिशन:


- **परिचय:**
  - यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे जून 2015 में 100 शहरों के परिवर्तन के माध्यम से "स्मार्ट सॉल्यूशंस" का अनुप्रयोग कर अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु **मूल अवसंरचना और स्वच्छ एवं धारणीय वातावरण** प्रदान करने के लिये शुरू किया गया था।
  - मिशन का लक्ष्य विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं के माध्यम से शहरों में रहने वाली भारत की आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करना है।
- **विशेषताएँ:**
  - इसके रणनीतिक घटकों में **'क्षेत्र-आधारित विकास'**, जिसमें शहर सुधार (Retrofitting), शहर नवीनीकरण (Redevelopment) और शहर विस्तार (Greenfield Development) शामिल हैं, साथ ही एक 'पैन-सिटी' पहल शामिल है जिसमें शहर के बड़े हिस्सों को समाहित करते हुए 'स्मार्ट समाधान'(Smart Solutions) लागू किये जाते हैं।
  - योजना के **मुख्य केंद्रित क्षेत्रों** में पैदल रास्ता (Walkways), पैदल यात्री क्रॉसिंग, साइक्लिंग ट्रैक का निर्माण, कुशल अपशिष्ट-प्रबंधन प्रणाली, एकीकृत यातायात प्रबंधन और मूल्यांकन शामिल हैं।
  - यह योजना शहरी विकास को ट्रैक करने के लिये विभिन्न सूचकांकों का भी आकलन करती है जैसे-**ईज़** ऑफ लिविंग सूचकांक, नगर निगम कार्य प्रदर्शन सूचकांक, शहरीय GDP ढाँचा, जलवायु स्मार्ट शहर मूल्यांकन ढाँचा आदि।
- **उपलब्धियाँ:**
  - **एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (ICCC):** स्मार्ट सिटी मिशन की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक सभी 100 स्मार्ट शहरों में ICCC की स्थापना करना है।
    - ये केंद्र **शहरी प्रबंधन** के लिये परिचालन केंद्र के रूप में काम करते हैं, और शहर के संचालन के विभिन्न पहलुओं को बढ़ाने के लिये **प्रौद्योगिकी का उपयोग** करते हैं। ICCC ने विशेषकर अपराध ट्रैकिंग, नागरिक सुरक्षा, परिवहन प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन, जल आपूर्ति और आपदा तैयारियों के क्षेत्र में सुधार में योगदान दिया है।
  - **क्षेत्रीय प्रगति:** स्मार्ट सिटी मिशन में गतिशीलता, ऊर्जा, जल, स्वच्छता, सार्वजनिक स्थान, सामाजिक बुनियादी ढाँचे और शासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाओं की एक विस्तृत शृंखला शामिल है।
    - **स्मार्ट मोबिलिटी:** 1,174 परियोजनाओं का समापन।
    - **स्मार्ट एनर्जी:** 573 परियोजनाओं का सफलतापूर्वक समापन।
    - **जल आपूर्ति, स्वच्छता और स्वास्थ्य विज्ञान (वॉश):** 1,162 से अधिक परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं।
    - **सार्वजनिक स्थान:** 1,063 से अधिक सार्वजनिक स्थानों का विकास।




//

## स्मार्ट सिटी:

- स्मार्ट सिटी की कोई मानक परिभाषा नहीं है। हमारे देश के संदर्भ में स्मार्ट सिटी की अवधारणा पर आधारित जो छह मूलभूत सिद्धांत हैं:




## शहरी विकास से संबंधित अन्य पहलें:

- शहरी कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिये अटल मिशन (AMRUT)
- प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U)

- [क्लाइमेट स्मार्ट सटिीज़ असेसमेंट फ्रेमवर्क 2.0]
- [TULIP-द अर्बन लर्नगि इंटर्नशपि प्रोग्राम]

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न.** भारत में नगरीय जीवन की गुणवत्ता की संक्षप्ति पृष्ठभूमि के साथ 'स्मार्ट नगर कार्यक्रम' के उद्देश्य और रणनीति बताइये। **(2016)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-smart-cities-award-contest-2022